नवम अध्याय

नाटक एवं एकांकी तथा इतर हिन्दी

गद्य साहित्य (कथा-साहित्य एवं नाटक साहित्य से इतर)

संबंधी शोध-कार्य ः वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन

9.1 नाटक एवं एकांकी साहित्य संबंधी शोध-कार्य ः वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन

9.2 इतर हिन्दी गद्य-साहित्य (निबंध, जीवनी, संस्मरण तथा आत्मकथा इत्यादि) संबंधी शोध-कार्य ः वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन

इससे पूर्व अध्याय में कथा-साहित्य संबंधी शोध-कार्य का वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन किया गया है। इस अध्याय में नाटक एवं एकांकी तथा इतर हिन्दी गद्य साहित्य (कथा-साहित्य एवं नाटक साहित्य से इतर) संबंधी शोध-कार्य का वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन किया गया है। इस अध्याय को आगे **2** उपाध्यायों में विभक्त किया गया है। नाटक एवं एकांकी साहित्य संबंधी शोध-कार्य तथा इतर हिन्दी गद्य साहित्य (कथा-साहित्य एवं नाटक साहित्य से इतर) संबंधी शोध-कार्य।

9.1 नाटक एवं एकांकी साहित्य संबंधी शोध-कार्य ः वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन

विवेच्य विश्वविद्यालयों में नाटक एवं एकांकी साहित्य संबंधी **102** शोध-प्रबंध प्राप्त हुए हैं, इनका क्रमानुसार वर्णनात्मक सर्वेक्षण एवं शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन इस प्रकार है-

1. शोधार्थी - कपूर, प्रेमनाथ

शोध-विषय - हिन्दी नाटक और रंगमंच ः विविध आयाम **(1960-80)**

विश्वविद्यालय - कु क्षेत्र विश्वविद्यालय, कु क्षेत्र

निर्देशक - गोयल, जयभगवान

वर्ष - 1991

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **8** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **389** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में नाटक और रंगमंच का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में हिन्दी नाटक की विकास यात्रा के विविध आयामों का अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में साठोत्तरी परिवेश के विविध आयामों का उल्लेख किया गया है। चतुर्थ अध्याय में समकालीन नाटक के परिप्रेक्ष्य में कथ्यगत आयाम का चित्रण किया गया है। पंचम अध्याय में हिन्दी रंगमंच की विकास यात्रा के विविध आयामों का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में

समकालीन हिन्दी नाटक के परिप्रेक्ष्य में रंगमंचीय आयाम का उल्लेख किया गया है। सप्तम अध्याय में नव्यतम आयाम के संदर्भ में नाटक और रंगमंच का विवेचन किया गया है। अष्टम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर अंकित शीर्षक शोध-प्रविधि के अनुकूल है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम व्यतिक्रम में हैं। विषय-सूची सही है। अध्यायीकरण व्यवस्थित है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियां यथानियम हैं। अनुच्छेदों में उपशीर्षक हैं। उपसंहार में शोध-संकेत उपलब्ध नहीं होते। प्रबंध की भाषा संयत है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां अल्प हैं। प्रबंध-टंकण तथा जिल्दबंदी ठीक हैं।

2. शोधार्थी - डेविड

शोध-विषय - नाटक का संरचनात्मक विश्लेषण ः सिद्धान्त और अनुप्रयोग

(डॉ. लक्ष्मीनारायण लाल के संदर्भ में)

विश्वविद्यालय - गु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर

निर्देशक - पाण्डेय, शशिभूषण 'शीतांशु'

वर्ष - 1991

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत वृहत् शोध-प्रबंध 10 अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल 381 पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में नाटक के संक्षिप्त परिचय के साथ, डॉ. लक्ष्मीनारायण लाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। द्वितीय अध्याय में संरचनावाद का तात्त्विक विवेचन किया गया है। तृतीय अध्याय में संरचनावाद विश्लेषण के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न प्रतिमानों का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में नाटक की संरचनात्मक विश्लेषण प्रक्रिया का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में लाल के नाटकों के परिप्रेक्ष्य में विवलित अनुप्रस्तुत संरचना का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में विपथित अग्रप्रस्तुत संरचना का चित्रण किया गया है। सप्तम अध्याय में समांतरित संरचना का उल्लेख किया गया है। अष्टम अध्याय में विरल संरचना का

अध्ययन किया गया है। नवम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय एवं उपलब्धियों का वर्णन किया गया है। दशम अध्याय में परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-नियमों का पालन करता है। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित हैं। अध्यायीकरण में अध्यायों के समक्ष पृष्ठांकन नहीं किया गया है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अध्यायों में उपशीर्षकों की संरचना की गई है। उपसंहार में शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा स्पष्ट तथा प्रभावशाली है। व्याकरण संबंधी अशुद्धियों के प्रति शोधकर्त्री सतर्क रही है। प्रबंध का टंकण तथा जिल्दबंदी उत्तम हैं।

3. **शोधार्थी -** मीना

शोध-विषय - समकालीन हिन्दी नाटकों का समाजशास्त्रीय अध्ययन (**1960** से **1985** तक)

विश्वविद्यालय - पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

निर्देशक - मेंहदीरत्ता, वीरेन्द

वर्ष - 1991

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **4** खंडों के अंतर्गत **8** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **414** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम खंड में **3** अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में संबद्ध साहित्य का सर्वेक्षण, परिसीमन तथा विषय के महत्त्व का वर्णन किया गया है। द्वितीय अध्याय में साहित्य के समाजशास्त्र का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। तृतीय अध्याय में **1960** से पूर्व के **6** दशकों का संक्षिप्त सर्वेक्षण किया गया है। द्वितीय खंड में **4** अध्याय हैं। चतुर्थ अध्याय में समकालीन हिन्दी नाटकों में अभिव्यक्त सामाजिक संरचना और सामाजिक संस्थाओं का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में समकालीन हिन्दी नाटकों में वर्णित अर्थव्यवस्था और परम्परित नैतिकता का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में समकालीन हिन्दी नाटकों में वर्णित सत्ता और राजनीति का परिचय दिया गया है। सप्तम अध्याय में नाटकों की संक्रमणकालीन भूमिका और समकालीन प्रासंगिकता को विश्लेषित किया गया है। तृतीय खंड में अष्टम अध्याय में शोध-विषय का सार,

शोध संबंधी निर्णय एवं उपलब्धियों का वर्णन किया गया है। चतुर्थ खंड में समीक्षित नाटक तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर मुद्रित शीर्षक शोध-प्रविधि के अनुरूप है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम भी निश्चितक्रम में हैं। विषय-सूची ठीक है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अध्यायों में उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत दिए गए हैं। प्रबंध की भाषा अस्पष्ट है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां बहुत हैं। प्रबंध-टंकण तथा जिल्दबंदी सामान्य स्तर के हैं।

4. शोधार्थी - मोदी, मीरा

शोध-विषय - साठोत्तर हिन्दी नाटक में व्यवस्था-चित्रण

विश्वविद्यालय - महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

निर्देशक - निर्मम, हेमराज

वर्ष - 1991

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **7** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **271** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में व्यवस्था का तात्त्विक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में साठोत्तर भारत की परिस्थितियों का अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में साठोत्तर हिन्दी नाटकों का सर्वेक्षण किया गया है। चतुर्थ अध्याय में साठोत्तर हिन्दी नाटकों के परिप्रेक्ष्य में सामाजिक व्यवस्था का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में राजनीतिक व्यवस्था का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में आर्थिक व्यवस्था का चित्रण किया गया है। सप्तम अध्याय में सांस्कृतिक एवं नैतिक व्यवस्था का उल्लेख किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर अंकित शीर्षक सही है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम बिल्कुल शीर्षक के नीचे अत्यंत बारीक मुद्रण में दिए गए हैं। विषय-सूची व्यवस्थित है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अनुच्छेदों में उपशीर्षक दिए गए हैं। उपसंहार में शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा कसी हुई है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां बहुत कम हैं। प्रबंध का टंकण ठीक है तथा जिल्दबंदी मजबूत है।

5. शोधार्थी - वत्स, राकेश

शोध-विषय - साठोत्तरी हिन्दी नाटकों का रंगमंचीय अध्ययन

विश्वविद्यालय - गु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर

निर्देशक - अवस्थी, ओम्

वर्ष - 1991

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध 11 अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल 270 पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में नाटक और रंगमंच की परस्पर निर्भरता का अध्ययन किया गया है। द्वितीय अध्याय में रंगमंचीय आधारभूमि पर नाटक की पहचान के मुख्य सूत्रों का विवेचन किया गया है। तृतीय अध्याय में सन् साठ से पूर्व के हिन्दी नाटकों में रंगमंचीय संश्लेषण का विवेचन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में साठोत्तरी हिन्दी नाटकों के रंगमंचीय वैशिष्टय का चित्रण किया गया है। पंचम अध्याय में साठोत्तरी नाटकों के परिप्रेक्ष्य में नाटककार के परिवर्तित व्यक्तित्व का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में सामान्य रंग-प्रक्रिया का अध्ययन किया गया है। सप्तम अध्याय में मंचाभिकल्पन के नूतन आयामों का उल्लेख किया गया है। अष्टम अध्याय में ध्वनि एवं संगीत की भूमिका का अध्ययन किया गया है। नवम अध्याय में रंगदीपन के स्वरूप का विश्लेषण किया गया है। दशम अध्याय में वेशभूषा और रूपसज्जा की अर्थवत्ता का चित्रण किया गया है। एकादश अध्याय में अभिनय और अभिनेता की आधारभूत परिकल्पना का अध्ययन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के नियमानुसार है। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण ठीक हैं। अध्यायीकरण में अध्यायों के समक्ष पृष्ठांकन नहीं किया गया है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियां यथानियम हैं। अध्यायों में उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत अनुपस्थित हैं। प्रबंध की भाषा आसान है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां यदाकदा मिलती हैं। प्रबंध-टंकण तथा जिल्दबंदी ठीक हैं।

6. शोधार्थी - अफ़ज़ल, जौहरा

शोध-विषय - डॉ. लक्ष्मीनारायण लाल के नाटकों में पात्र-सृष्टि

विश्वविद्यालय - कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर

निर्देशक - ख़ान, मु. अयूब

वर्ष - 1992

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **2** खंडों के अंतर्गत **6** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **277** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम खंड में **3** अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में सामाजिक परिवेश का सामान्य अध्ययन किया गया है। द्वितीय अध्याय में डॉ. लक्ष्मीनारायण के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में हिन्दी नाट्य चिन्तन का अध्ययन किया गया है। द्वितीय खंड में **3** अध्याय हैं। चतुर्थ अध्याय में पात्र-सृष्टि का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। पंचम अध्याय में डॉ. लक्ष्मीनारायण लाल के नाटकों के परिप्रेक्ष्य में पात्र-सृष्टि का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर मुद्रित शीर्षक शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम क्रम में हैं। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अनुच्छेदों में उपशीर्षक हैं। उपसंहार में शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा सरल, शैली प्रवाहमयी है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां अल्प हैं। प्रबंध-टंकण तथा जिल्दबंदी ठीक हैं।

7. शोधार्थी - कौर, हरमिंदर

शोध-विषय - लक्ष्मीनारायण लाल के नाटक साहित्य का अध्ययन ः आधुनिकबोध के संदर्भ में

विश्वविद्यालय - पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

निर्देशक - यादव, शकुंतला

वर्ष - 1992

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत शोध-प्रबंध **4** खण्डों के अंतर्गत **12** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **662** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम खंड में **4** अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में संबद्ध साहित्य का सर्वेक्षण, परिसीमन तथा विषय के महत्त्व का वर्णन किया गया है। द्वितीय अध्याय में नाटककार लक्ष्मीनारायण लाल के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं तद्युगीन परिवेश का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में आधुनिकबोध का तात्त्विक विवेचन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में आधुनिकबोध के संदर्भ में कविता, नाटक, उपन्यास और कहानी का अध्ययन किया गया है। द्वितीय खंड में **7** अध्याय हैं। पंचम अध्याय में लक्ष्मीनारायण लाल के नाटक साहित्य का आधुनिकबोध के संदर्भ में व्यावहारिक अध्ययन किया गया है। षष्ठ अध्याय में नगरबोध के फ्रेम में भौतिकता एवं अर्थ केन्द्रित समाज का विश्लेषण किया गया है। सप्तम अध्याय में मानवीय संबंधों के परिवर्तित रूपों के परिप्रेक्ष्य में पारिवारिक और परिवारेत्तर संबंधों के स्तरों का चित्रण किया गया है। अष्टम अध्याय में ऐतिहासिक और पौराणिक आख्यानों के नए संदर्भों का उल्लेख किया गया है। नवम अध्याय में पात्र एवं चरित्र परिकल्पना का अध्ययन किया गया है। दशम अध्याय में माणिक चेतना के नए स्तरों का उदघाटन किया गया है। एकादश अध्याय में रंग-योजना का चित्रण किया गया है। तृतीय खंड में द्वादश अध्याय में शोध-विषय का सार दिया गया है। चतुर्थ खंड में लाल के नाटकों की सूची तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विषय-सूची ठीक है। अध्यायीकरण व्यवस्थित है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अध्यायों में उपशीर्षक रेखांकित हैं। उपसंहार में शोध-संकेत नहीं हैं। प्रबंध की भाषा सामान्य है। मात्रा तथा विराम चिह्न संबंधी अशुद्धियां कहीं-कहीं रह गई हैं। प्रबंध का टंकण धूमिल-सा है तथा जिल्दबंदी सामान्य है।

8. शोधार्थी - गुप्ता, सुलभ

शोध-विषय - जयशंकर प्रसाद के नाटकों में ऐतिहासिकता

विश्वविद्यालय - जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू

निर्देशक - प्राणनाथ

वर्ष - 1992

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - बहुत प्रयास करने पर भी उपर्युक्त शोध-प्रबंध पुस्कालय में नहीं मिला।

9. शोधार्थी - गुलाटी, सुमन

शोध-विषय - स्वातंत्र्योत्तर नाटकों में नारी स्वातंत्र्य चेतना

विश्वविद्यालय - कु क्षेत्र विश्वविद्यालय, कु क्षेत्र

निर्देशक - गोयल, जयभगवान

वर्ष - 1992

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत वृहत् शोध-प्रबंध **11** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **405** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में नारी स्वातंत्र्य चेतना का तात्त्विक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में नारी स्वातंत्र्य चेतना के परिप्रेक्ष्य में स्वातंत्र्योत्तर नाटकों का अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में राकेश पूर्व नाटकों के परिप्रेक्ष्य में नारी स्वातंत्र्य चेतना का विवेचन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में राकेशकालीन नाटककारों के नाटकों के परिप्रेक्ष्य में नारी स्वातंत्र्य चेतना का विश्लेषण किया गया है। पंचम अध्याय में मोहन राकेश के नाटकों के परिप्रेक्ष्य में नारी स्वातंत्र्य चेतना का चित्रण किया गया है। षष्ठ अध्याय में लक्ष्मीनारायण लाल के नाटकों के परिप्रेक्ष्य में नारी स्वातंत्र्य चेतना का उल्लेख किया गया है। सप्तम अध्याय में विष्णु प्रभाकर के नाटकों के परिप्रेक्ष्य में, अष्टम अध्याय में मन्नू भण्डारी के नाटकों के परिप्रेक्ष्य में, नवम अध्याय में सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों के परिप्रेक्ष्य में तथा दशम अध्याय में रमेश बक्षी के नाटकों के परिप्रेक्ष्य में नारी स्वातंत्र्य चेतना का अध्ययन किया गया है। एकादश अध्याय में समकालीन अन्य नाटकों में नारी स्वातंत्र्य चेतना का अध्ययन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर मुद्रित शीर्षक शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम भी निश्चितक्रम में हैं। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियां यथानियम हैं। अध्यायों में शीर्षक-उपशीर्षक हैं। उपसंहार में शोध-संकेतों का अभाव है। प्रबंध की भाषा सरल, शैली प्रवाहमयी है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियों के प्रति शोधकर्त्री सजग नहीं रही है। प्रबंध-टंकण अस्पष्ट है तथा जिल्दबंदी सामान्य है।

10. शोधार्थी - बाला, रेणु

शोध-विषय - महाभारत पर आधारित शंकर शेष के नाटक

विश्वविद्यालय - जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू

निर्देशक - सराफ़, नीलम

वर्ष - 1992

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - बहुत प्रयास करने पर भी उपर्युक्त शोध-प्रबंध पुस्कालय में नहीं मिला।

11. शोधार्थी - मोहन, विजय

शोध-विषय - रंगशिल्प की दृष्टि से लक्ष्मीनारायण लाल का नाट्य साहित्य

विश्वविद्यालय - पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

निर्देशक - मेंहदीरत्ता, वीरेन्द्र

वर्ष - 1992

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **4** खंडों के अंतर्गत **8** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **320** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम खंड में **2** अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में संबद्ध साहित्य का सर्वेक्षण, परिसीमन तथा विषय के महत्त्व का वर्णन किया गया है। द्वितीय अध्याय में रंग-शिल्प का तात्त्विक विवेचन किया गया है। द्वितीय खंड में **5** अध्याय हैं। तृतीय अध्याय में लक्ष्मीनारायण लाल के व्यक्तित्व और कृतित्व का परिचय दिया गया है। चतुर्थ अध्याय में लक्ष्मीनारायण लाल के नाटकों के संदर्भ में पात्र और परिवेश का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में लक्ष्मीनारायण लाल के नाटकों का अभिनय पक्ष और सफलता की दृष्टि से अध्ययन किया गया है। षष्ठ अध्याय में नाट्य-भाषा और संवाद-योजना का विवेचन किया गया है। सप्तम अध्याय में रंग-चेतना और संगीत के प्रभाव का विश्लेषण किया गया है। तृतीय खंड में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय एवं उपलब्धियों का वर्णन किया गया है। चतुर्थ खंड में परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ व्यतिक्रम में है। विषय-सूची ठीक है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अध्यायों में उपशीर्षक रेखांकित हैं। शोध-संकेत दिए गए हैं। प्रबंध की भाषा सुगठित है। मात्रा, विराम चिह्न तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां अल्प हैं। प्रबंध का टंकण कार्य सामान्य स्तर का है तथा जिल्दबंदी मजबूत है।

12 . शोधार्थी - रीटा

शोध-विषय - मोहन राकेश और सुरेन्द वर्मा के नाटकों में पात्र-सृष्टि ः एक तुलनात्मक अध्ययन

विश्वविद्यालय - पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

निर्देशक - गुलाटी, यश

वर्ष - 1992

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **3** खंडों के अंतर्गत **9** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **530** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम खंड में **3** अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में संबद्ध साहित्य का सर्वेक्षण, परिसीमन तथा विषय के महत्त्व का वर्णन किया गया है। द्वितीय अध्याय में मोहन राकेश और सुरेन्द्र वर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में नाटक और पात्र-सृष्टि का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय खंड में **6** अध्याय हैं। चतुर्थ अध्याय में मोहन राकेश और सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों के संदर्भ में पु ष-पात्रों का परिचय दिया गया है। पंचम अध्याय में मोहन राकेश और सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों के संदर्भ में नारी-पात्रों का अध्ययन किया गया है। षष्ठ अध्याय में पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित दिशाहिन पात्रों का उल्लेख किया गया है। सप्तम अध्याय में मोहन राकेश और सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों के संदर्भ में अन्य पु ष-पात्रों का अध्ययन किया गया है। अष्टम अध्याय में मोहन राकेश और सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों के संदर्भ में अन्य स्त्री-पात्रों का अध्ययन किया गया है। नवम अध्याय में मोहन राकेश और सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों के आधार पर पात्र-सृष्टि का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। तृतीय खंड में शोध-विषय का सार दिया गया है। चतुर्थ खंड में परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर मुद्रित शीर्षक शोध-प्रविधि के अनुरूप है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम भी निश्चितक्रम में हैं। विषय-सूची ठीक है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अध्यायों में उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत नहीं दिए गए हैं। प्रबंध की भाषा सरल है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां हैं। प्रबंध-टंकण धूमिल-सा है तथा जिल्दबंदी सामान्य स्तर की है।

13. शोधार्थी - सुडान, सीमा

शोध-विषय - डॉ. लक्ष्मीनारायण लाल के नाटकों में नारी-स्वतंत्रता

विश्वविद्यालय - जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू

निर्देशक - गुप्त, ओम प्रकाश

वर्ष - 1992

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - बहुत प्रयास करने पर भी उपर्युक्त शोध-प्रबंध पुस्कालय में नहीं मिला।

14. शोधार्थी - किरण, शशि

शोध-विषय - कथ्य और चरित्र-चित्रण की दृष्टि से उपेन्द्रनाथ 'अश्क' और जगदीश चन्द्र माथुर के नाटकों का तुलनात्मक अध्ययन

विश्वविद्यालय - पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

निर्देशक - यादव, शकुंतला

वर्ष - 1993

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **4** खंडों के अंतर्गत **9** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **282** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम खंड में **3** अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में संबद्ध साहित्य का सर्वेक्षण, परिसीमन तथा विषय के महत्त्व का वर्णन किया गया है। द्वितीय अध्याय में उपेन्द्रनाथ 'अश्क' और जगदीश चन्द्र माथुर के व्यक्तित्व और कृतित्व का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में नाटक और कथ्य का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय खंड में **5** अध्याय हैं।

चतुर्थ अध्याय में कथ्य के आधार पर अश्क के नाटकों का विश्लेषण किया गया है। पंचम अध्याय में कथ्य के आधार पर माथुर के नाटकों का अध्ययन किया गया है। षष्ठ अध्याय में चरित्र-चित्रण के आधार पर अश्क के नाटकों का मूल्यांकन किया गया है। सप्तम अध्याय में चरित्र-चित्रण के आधार पर माथुर के नाटकों का अध्ययन किया गया है। अष्टम अध्याय में अश्क और माथुर के नाटकों में कथ्य और चरित्र-चित्रण की दृष्टि से समानता-असमानता का विश्लेषण किया गया है। तृतीय खंड में नवम अध्याय में शोध-विषय का सार दिया गया है। चतुर्थ खंड में सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर मुद्रित शीर्षक शोध-प्रविधि के अनुरूप है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम भी निश्चितक्रम में हैं। विषय-सूची ठीक है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अध्यायों में उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत नहीं हैं। प्रबंध की भाषा सरल है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियों के प्रति शोधार्थी सतर्क नहीं रहा है। प्रबंध-टंकण सामान्य है तथा जिल्दबंदी ठीक है।

15. शोधार्थी - कुमार, प्रवीण

शोध-विषय - हिन्दी के नाटकों में सामाजिक संबंधों में विघटन ः सन् **1950** से **1987** तक

विश्वविद्यालय - महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

निर्देशक - निर्मम, हेमराज

वर्ष - 1993

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **7** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **245** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में तद्युगीन परिस्थितियों का अध्ययन किया गया है। द्वितीय अध्याय में सामाजिक संबंधों और विघटन का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। तृतीय अध्याय में हिन्दी नाटकों का सर्वेक्षण किया गया है। चतुर्थ अध्याय में हिन्दी नाटकों में सामाजिक संबंधों में विघटन के परिप्रेक्ष्य में पारिवारिक एवं दाम्पत्य परिस्थितियों का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में आर्थिक परिस्थितियों का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में सांस्कृतिक परिस्थितियों का

चित्रण किया गया है। सप्तम अध्याय में राजनीतिक परिस्थितियों का उल्लेख किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर अंकित शीर्षक शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम भी क्रम में हैं। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अध्यायों में शीर्षक-उपशीर्षक हैं। उपसंहार में शोध-संकेत अनुपस्थित हैं। प्रबंध की भाषा स्पष्ट तथा सुगठित है। मात्रा व विराम चिह्न संबंधी अशुद्धियां कहीं-कहीं रह गई हैं। प्रबंध का टंकण कार्य उत्तम है तथा जिल्दबंदी मजबूत है।

16. शोधार्थी - कुमार, शब्द

शोध-विषय - प्रसादोत्तर जीवन-चरित मूलक नाटकों में भारतीय संस्कृति के विविध आयाम (केवल प्रमुख नाटक)

विश्वविद्यालय - पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला

निर्देशक - शर्मा, ब्रजमोहन

वर्ष - 1993

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **11** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **313** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय मे भारतीय संस्कृति का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में भारतीय संस्कृति के प्रमुख तत्त्व और प्रवृतियों का अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में स्वरूप, प्रवृतियां और विकास के परिप्रेक्ष्य में जीवनचरित मूलक हिन्दी नाटकों को विश्लेषित किया गया है। चतुर्थ अध्याय में प्रसादोत्तर जीवनचरित मूलक हिन्दी नाटकों में आर्थिक आयाम का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में ऐतिहासिक आयामों का मूल्यांकन किया गया है। षष्ठ अध्याय में दार्शनिक आयामों का उल्लेख किया गया है। सप्तम अध्याय में धार्मिक आयामों का उल्लेख किया गया है। अष्टम अध्याय में नैतिक आयामों का अध्ययन किया गया है। नवम अध्याय में राजनीतिक और राजप्रशासनिक आयामों का विवेचन किया गया है। दशम अध्याय

में अन्य सांस्कृतिक आयाम दिए गए हैं। एकादश अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर मुद्रित शीर्षक शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम भी क्रम में हैं। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित हैं। अध्यायीकरण में अध्यायों के समक्ष पृष्ठांकन नहीं किया गया है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अध्यायों में उपशीर्षक रेखांकित हैं। शोध-संकेतों का अभाव है। प्रबंध की भाषा स्पष्ट तथा प्रभावशाली है। व्याकरण संबंधी अशुद्धियों के प्रति शोधार्थी सतर्क रहा है। प्रबंध-टंकण तथा जिल्दबंदी ठीक हैं।

17. शोधार्थी - कुमार, सुरेश

शोध-विषय - पंजाब-मूल के हिन्दी नाट्यकारों के नाटकों में मध्यवर्गीय चेतना

विश्वविद्यालय - पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला

निर्देशक - चावला, पी.एल.

वर्ष - 1993

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **8** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **407** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में समाज और मध्यवर्ग का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में हिन्दी नाटक के विभिन्न वर्ग और उनकी भूमि के अध्ययन के साथ, हिन्दी और पंजाबी नाट्य साहित्य का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में पंजाब मूल के नाटककारों के जीवन और व्यक्तित्व का परिचय दिया गया है। चतुर्थ अध्याय में पंजाब मूल के नाटककारों के नाटकों में आर्थिक पक्ष और मध्यवर्गीय चेतना का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में मध्यवर्गीय चेतना के परिप्रेक्ष्य में सामाजिक पक्ष का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में राजनीतिक पक्ष का चित्रण किया है। सप्तम अध्याय में यौन-मनोविश्लेषण का अध्ययन किया गया है। अष्टम अध्याय में एकांकियों में मध्यवर्गीय चेतना का विवेचन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के अनुरूप है। विषय-सूची सही है। अध्यायीकरण व्यवस्थित है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अध्यायों में शीर्षक-उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत उपलब्ध नहीं होते। प्रबंध की भाषा सुगठित है। मात्रा तथा विराम चिह्न संबंधी अशुद्धियों के प्रति शोधार्थी सतर्क नहीं रहा है। प्रबंध का टंकण कार्य तथा जिल्दबंदी ठीक हैं।

18. शोधार्थी - केशव, विश्व रमन

शोध-विषय - मोहन राकेश के नाटकों में स्त्री-पु ष संबंध

विश्वविद्यालय - जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू

निर्देशक - गुप्त, ओम प्रकाश

वर्ष - 1993

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - बहुत प्रयास करने पर भी उपर्युक्त शोध-प्रबंध पुस्कालय में नहीं मिला।

19. शोधार्थी - कौर, दलजीत

शोध-विषय - मोहन राकेश के नाट्य साहित्य में अभिनय-कला और संवाद-शिल्प

विश्वविद्यालय - कु क्षेत्र विश्वविद्यालय, कु क्षेत्र

निर्देशक - मलिक, भीमसिंह

वर्ष - 1993

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **6** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **245** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में समकालीन हिन्दी नाटक और मोहन राकेश के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में मोहन राकेश के नाट्य-सृष्टि का अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में अभिनय-कला और संवाद-शिल्प का तात्त्विक विवेचन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में मोहन राकेश के नाटकों के परिप्रेक्ष्य में अभिनय-कला का विश्लेषण किया गया है।

पंचम अध्याय में संवाद-शिल्प का चित्रण किया गया है। षष्ठ अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर मुद्रित शीर्षक शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम शीर्षक के नीचे मध्य में दिए गए हैं। विषय-सूची ठीक है। अध्यायीकरण व्यवस्थित है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अध्यायों में उपशीर्षक रेखांकित हैं। उपसंहार में शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा सुगठित है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियों के प्रति शोधकर्त्री सजग रही है। प्रबंध-टंकण तथा जिल्दबंदी ठीक हैं।

20. शोधार्थी - जैन, सारिका

शोध-विषय - साठोत्तरी प्रमुख हिन्दी नाटकों में नैतिक मूल्य

विश्वविद्यालय - पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला

निर्देशक - लाम्बा, शान्ता

वर्ष - 1993

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **7** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **421** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में नैतिक मूल्यों का सैद्धान्तिक किया गया है। द्वितीय अध्याय में स्वतन्त्रता पूर्व साहित्य में नैतिक मूल्यों के विकासक्रम का अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में नैतिक मूल्यों के संदर्भ में साठोत्तरी पूर्व नाटकों का मूल्यांकन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में साठोत्तरी प्रमुख हिन्दी नाटको में सामाजिकता के संदर्भ में नैतिक मूल्यों का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में राजनीतिक संदर्भ में नैतिक मूल्यों की दुर्दशा का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में संस्कृति के बदलते नैतिक नियमों का उल्लेख किया गया है। सप्तम अध्याय में आर्थिक संदर्भ में समाप्त होते नैतिक मूल्यों का चित्रण किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के अनुरूप है। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अध्यायों में

शीर्षक-उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा सरल, शैली प्रवाहमयी है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां अल्प हैं। प्रबंध का टंकण कार्य अस्पष्ट है तथा जिल्दबंदी ठीक है।

21. शोधार्थी - बड़थ्वाल, विजय मोहन

शोध-विषय - समकालीन हिन्दी नाटक ः रंग-शिल्प

(1965 से 1985 तक)

विश्वविद्यालय - पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला

निर्देशक - लाम्बा, शान्ता

वर्ष - 1993

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **4** खण्डों के अंतर्गत **16** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **298** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम खंड में **1** अध्याय है। प्रथम अध्याय में रंगशिल्प का तात्त्विक विवेचन किया गया है। द्वितीय खंड में **7** अध्याय हैं। द्वितीय अध्याय में निर्देशक, रंग-निर्देश आदि का अध्ययन किया गया है। तृतीय अध्याय में अभिनेता का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में रंग-स्थली का विश्लेषण किया गया है। पंचम अध्याय में दृश्य-बंध का उल्लेख किया गया है। षष्ठ अध्याय में भाषा एवं संवादीय रचना का विवरण दिया गया है। सप्तम अध्याय में वैशभूषा का परिचय दिया गया है। अष्टम अध्याय में रंग-दीपन एवं ध्वनि संयोजन का अध्ययन किया गया है। तृतीय खंड में **6** अध्याय हैं। नवम अध्याय में लोकमंच परम्परा का विवेचन किया गया है। दशम अध्याय में प्राचीन भारतीय रंगमंच-परम्परा का चित्रण किया गया है। एकादश अध्याय में पारसी-हिन्दी रंगमंच का विश्लेषण किया गया है। द्वादश अध्याय में पाश्चात्य-रंगमंच परम्परा का अध्ययन किया गया है। त्रयोदशी अध्याय में उन्नीसवीं सदी के रंगमंचवाद विशेषण की शैलियों का अध्ययन किया गया है। चतुर्दश अध्याय में आधुनिक हिन्दी रंगमंच का विवेचन किया गया है। चतुर्थ खंड में **2** अध्याय हैं। पंचदश अध्याय में यथार्थवादी नाटकों में रंगशिल्प की चर्चा की गई है। षोडश अध्याय में प्रतीकवादी नाटकों के संदर्भ में रंगशिल्प का

अध्ययन किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के अनुकूल है। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अध्यायों में शीर्षक-उपशीर्षक हैं। उपसंहार में शोध-संकेत नहीं हैं। प्रबंध की भाषा संयत है। व्याकरण संबंधी अशुद्धियां कहीं-कहीं रह गई हैं। प्रबंध का टंकण कार्य अस्पष्ट है तथा जिल्दबंदी सामान्य है।

22. शोधार्थी - लाल, तरसेम

शोध-विषय - भीष्म साहनी के नाटक साहित्य का विश्लेषणात्मक अध्ययन

विश्वविद्यालय - पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

निर्देशक - मेंहदीरत्ता, वीरेन्द

वर्ष - 1993

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत शोध-प्रबंध **4** खंडों के अंतर्गत **9** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **435** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम खंड में **3** अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में संबद्ध साहित्य का सर्वेक्षण, परिसीमन तथा विषय के महत्त्व का वर्णन किया गया है। द्वितीय अध्याय में नाटक साहित्य को विश्लेषित किया गया है। तृतीय अध्याय में भीष्म साहनी के व्यक्तित्व और कृतित्व का परिचय दिया गया है। द्वितीय खंड में **5** अध्याय हैं। चतुर्थ अध्याय में भीष्म साहनी के नाटक साहित्य के परिप्रेक्ष्य में कथानक का विश्लेषण किया गया है। पंचम अध्याय में पात्र-सृष्टि और चरित्र-चित्रण का उल्लेख किया गया है। षष्ठ अध्याय में नाट्य-भाषा का अध्ययन किया गया है। सप्तम अध्याय में नाटकीय तनाव का अध्ययन किया गया है। अष्टम अध्याय में रंग-शिल्प का चित्रण किया गया है। तृतीय खंड में नवम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय एवं उपलब्धियों का वर्णन किया गया है। चतुर्थ खंड में परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर मुद्रित शीर्षक शोध-प्रविधि के अनुरूप है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम भी निश्चिततक्रम में हैं। विषय-सूची ठीक है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का

निर्वाह यथानियम है। अध्यायों में उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत अल्प हैं। प्रबंध की भाषा अस्पष्ट है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियों के प्रति शोधार्थी सतर्क रहा है। प्रबंध-टंकण साधारण स्तर का है तथा जिल्दबंदी सशक्त है।

23. शोधार्थी - वर्मा, मीनाक्षी

शोध-विषय - समकालीन नाटकों में नारी स्वातंत्र्य और उससे उपजे तनाव

विश्वविद्यालय - पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

निर्देशक - मेंहदीरत्ता, वीरेन्द

वर्ष - 1993

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **4** खण्डों के अंतर्गत **7** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **302** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम खंड में **2** अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में संबद्ध साहित्य का सर्वेक्षण, परिसीमन तथा विषय के महत्त्व का वर्णन किया गया है। द्वितीय अध्याय में नारी स्वातंत्र्य का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय खंड में **4** अध्याय हैं। तृतीय अध्याय में समकालीन नाटकों के परिप्रेक्ष्य में नारी स्वातंत्र्य के नए आयामों का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में समकालीन नाटकों के परिप्रेक्ष्य में नारी-शिक्षा तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं अधिकारों को विश्लेषित किया गया है। पंचम अध्याय में समकालीन नाटकों के परिप्रेक्ष्य में नर-नारी संबंधों के बदलते दायरों का चित्रण किया गया है। षष्ठ अध्याय में युगीन परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में नारी एवं तनाव का अध्ययन किया गया है। तृतीय खंड में सप्तम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय एवं उपलब्धियों का वर्णन किया गया है। चतुर्थ खंड में परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर अंकित शीर्षक शोध-प्रविधि के अनुकूल है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम भी निश्चितक्रम में हैं। विषय-सूची ठीक है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अनुच्छेदों में उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा

सरल, शैली प्रवाहपूर्ण है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां अल्प हैं। प्रबंध-टंकण उत्तम है तथा जिल्दबंदी सशक्त है।

24. शोधार्थी - शर्मा, क ष्णा

शोध-विषय - लक्ष्मीनारायण लाल के नाटक साहित्य में व्यक्त उनकी सामाजिक दृष्टि

विश्वविद्यालय - हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला

निर्देशक - राय, लल्लन

वर्ष - 1993

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **5** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **345** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में सामाजिक दृष्टि का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में लक्ष्मीनारायण लाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय लक्ष्मीनारायण लाल के नाटकों के परिप्रेक्ष्य में प्रमुख सामाजिक समस्याओं का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में आधुनिक भावबोध का चित्रण किया गया है। पंचम अध्याय में विभिन्न सामाजिक-राजनैतिक समस्याओं के आधार पर लाल की सामाजिक दृष्टि का विश्लेषण किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का शीर्षक शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम व्यतिक्रम में हैं। विषय-सूची ठीक है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियां यथानियम हैं। अध्यायों में शीर्षक व उपशीर्षक दिए गए हैं। उपसंहार में शोध-संकेतों का अभाव है। प्रबंध की भाषा सरल, शैली प्रवाहमयी है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियों के प्रति शोधकर्त्री सतर्क रही है। प्रबंध-टंकण ठीक है तथा जिल्दबंदी मजबूत है।

25. शोधार्थी - शर्मा, शुषमा

शोध-विषय - नाट्य-भाषा का संकेतार्थ वैज्ञानिक अध्ययन ः सिद्धांत और अनुप्रयोग

(रमेश बक्षी के नाटकों के संदर्भ में)

विश्वविद्यालय - गु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर

निर्देशक - पाण्डेय, शशिभूषण 'शीतांशु'

वर्ष - 1993

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **9** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **534** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में नाट्य-भाषा का परिचय दिया गया है। द्वितीय अध्याय में संकेत-विज्ञान का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। तृतीय अध्याय में नाट्य-भाषा विश्लेषण के विभिन्न संकेतार्थ वैज्ञानिक प्रतिमानों का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में 'देवयानी का कहना है' की नाट्य-भाषा का संकेतार्थ वैज्ञानिक विश्लेषण किया गया है। पंचम अध्याय में 'तीसरा रथी' की नाट्य-भाषा का संकेतार्थ वैज्ञानिक अध्ययन किया गया है। षष्ठ अध्याय में 'वामाचार' तथा सप्तम अध्याय में 'कसे हुए तार' की नाट्य-भाषा का संकेतार्थ वैज्ञानिक विवेचन किया गया है। अष्टम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय एवं उपलब्धियों का वर्णन किया गया है। नवम अध्याय में परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर अंकित शीर्षक शोध-प्रविधि के अनुकूल है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम शीर्षक के नीचे निश्चितक्रम में हैं। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण सही हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अध्यायों में उपशीर्षक दिए गए हैं। उपसंहार में शोध-संकेत हैं। प्रबंध की भाषा सुगठित है। संदर्भ-सूची पुस्तकानुक्रम में है। मात्रा तथा वर्तनी संबंधी अशुद्धियां अल्प हैं। प्रबंध का टंकण कार्य उच्च स्तर का है तथा जिल्दबंदी ठीक है।

26. शोधार्थी - आराधना

शोध-विषय - नाट्य-शिल्प की दृष्टि से सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों का विश्लेषणात्मक अध्ययन

विश्वविद्यालय - पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

निर्देशक - मेंहदीरत्ता, वीरेन्द

वर्ष - 1994

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **4** खण्डों के अंतर्गत **9** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **318** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम खंड में **3** अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में संबद्ध साहित्य का सर्वेक्षण, परिसीमन तथा विषय के महत्त्व का वर्णन किया गया है। द्वितीय अध्याय में सुरेन्द्र वर्मा के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं तद्युगीन परिवेश का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में नाट्य-शिल्प का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है। द्वितीय खंड में **5** अध्याय हैं। चतुर्थ अध्याय में सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों के परिप्रेक्ष्य में वस्तु-विधान का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों के परिप्रेक्ष्य में नाटकीय तनाव का अध्ययन किया गया है। षष्ठ अध्याय में सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों के परिप्रेक्ष्य में पात्र-सृष्टि का विश्लेषण किया गया है। सप्तम अध्याय में सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों के परिप्रेक्ष्य में नाट्य-भाषा का चित्रण किया गया है। अष्टम अध्याय में सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों के परिप्रेक्ष्य में रंगमंचीय दृष्टि का उल्लेख किया गया है। तृतीय खंड में नवम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय एवं उपलब्धियों का वर्णन किया गया है। चतुर्थ खंड में परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के अनुरूप है। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण ठीक हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह यथानियम है। अध्यायों में शीर्षक-उपशीर्षक हैं। शोध-संकेत नही हैं। प्रबंध की भाषा संयत है। अशुद्धियां अल्प हैं। प्रबंध-टंकण तथा जिल्दबंदी सामान्य हैं।

27. शोधार्थी - कुमारी, मंजु

शोध-विषय - डॉ. रामकुमार वर्मा के ऐतिहासिक नाटकों का शास्त्रीय अध्ययन

विश्वविद्यालय - महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

निर्देशक - अग्रवाल, महीपाल

वर्ष - 1994

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध 8 अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल 400 पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में ऐतिहासिक नाटकों का तात्त्विक विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में वर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में वर्मा के ऐतिहासिक नाटकों के परिप्रेक्ष्य में कथानक का अध्ययन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में पात्र और चरित्र-चित्रण का विवेचन किया गया है। पंचम अध्याय में संवाद का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में दृश्य और शिल्प-विधान का चित्रण किया गया है। सप्तम अध्याय में भाव, रस और उद्देश्य का अध्ययन किया गया है। अष्टम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - मुखपृष्ठ पर अंकित शीर्षक शोध-प्रविधि के नियमों का पालन करता है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम व्यतिक्रम में हैं। विषय-सूची ठीक है तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित है। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियों का निर्वाह किया गया है। अध्यायों में उपशीर्षक रेखांकित हैं। उपसंहार में शोध-संकेत उपलब्ध नहीं होते। प्रबंध की भाषा स्पष्ट तथा सुगठित है। व्याकरण संबंधी अशुद्धियां कहीं-कहीं रह गई हैं। प्रबंध का टंकण कार्य तथा जिल्दबंदी ठीक हैं।

28. शोधार्थी - कौर, सरबजीत

शोध-विषय - स्वातन्त्र्योत्तर हिन्दी नाटकों में बदलते हुए काम-संबंध

विश्वविद्यालय - पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला

निर्देशक - लाम्बा, शान्ता

वर्ष - 1994

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **5** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **290** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम अध्याय में काम का सामान्य परिचय दिया गया है। द्वितीय अध्याय में काम का मनोवैज्ञानिक, दार्शनिक तथा जैविक दृष्टि से विवेचन किया गया है। तृतीय अध्याय में हिन्दी नाटकों के परिप्रेक्ष्य में काम-संबंधों का सर्वेक्षण किया गया है। चतुर्थ अध्याय में मोहन राकेश और राकेशकालीन नाटकों के परिप्रेक्ष्य में स्त्री-पु ष काम-संबंधों का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में राकेशोत्तर हिन्दी नाटकों के परिप्रेक्ष्य में स्त्री-पु ष काम-संबंधों का विश्लेषण किया गया है। अंत में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय, उपलब्धियां, परिशिष्ट तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

शोध-प्रक्रियात्मक मूल्यांकन - प्रबंध का मुखपृष्ठ शोध-प्रविधि के अनुकूल है। विश्वविद्यालय व उपाधि नाम क्रम में है। विषय-सूची तथा अध्यायीकरण व्यवस्थित हैं। पृष्ठांकन तथा पाद-टिप्पणियां यथानियम हैं। अध्यायों में उपशीर्षक रेखांकित हैं। शोध-संकेतों का अभाव है। प्रबंध की भाषा स्पष्ट तथा सुगठित है। मात्रा तथा विराम चिह्न संबंधी अशुद्धियां कम हैं। प्रबंध का टंकण कार्य ठीक है तथा जिल्दबंदी मजबूत है।

29. शोधार्थी - ठाकुर, अनीता

शोध-विषय - नाटकीय तनाव की दृष्टि से मोहन राकेश तथा सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों का अध्ययन

विश्वविद्यालय - पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

निर्देशक - मेंहदीरत्ता, वीरेन्द

वर्ष - 1994

वर्णनात्मक सर्वेक्षण - प्रस्तुत बृहत् शोध-प्रबंध **4** खंडों के अंतर्गत **9** अध्यायों में विभक्त है तथा इसके कुल **264** पृष्ठ हैं। पुरोवाक् में शोध-प्रबंध विषयक जानकारी देते हुए अंत में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है। प्रथम खंड में **3** अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में संबद्ध साहित्य का सर्वेक्षण, परिसीमन तथा विषय के महत्त्व का वर्णन किया गया है। द्वितीय अध्याय में मोहन राकेश

तथा सुरेन्द्र वर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दिया गया है। तृतीय अध्याय में नाट्कीय तनाव का तात्त्विक विवेचन किया गया है। द्वितीय खंड में **5** अध्याय हैं। चतुर्थ अध्याय में मोहन राकेश तथा सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों की कथावस्तु के परिप्रेक्ष्य में संघर्ष एवं शैल्पिक धरातल पर विनिर्मित तनाव का अध्ययन किया गया है। पंचम अध्याय में कौतूहल, आकस्मिकता, रहस्यात्मकता, नाट्य-भ्रान्ति द्वारा उत्पन्न तनाव का विश्लेषण किया गया है। षष्ठ अध्याय में मोहन राकेश तथा सुरेन्द्र वर्मा के नाटकों में द्वंद्व, अन्तःसंघर्ष एवं अलगाव से व्युत्पन्न तनाव का अध्ययन किया गया है। सप्तम अध्याय में व्यंग्य एवं नाटकीय विडम्बना के धरातल पर विनिर्मित तनाव का विवेचन किया गया है। अष्टम अध्याय में संवादीय धरातल पर काव्यात्मक भाषा, लय, प्रवेग, मौन व विराम द्वारा व्युत्पन्न तनाव का अध्ययन किया गया है। तृतीय खंड में नवम अध्याय में शोध-विषय का सार, शोध संबंधी निर्णय एवं उपलब्धियों का वर्णन किया गया है। चतुर्थ खंड में समीक्षित नाटक तथा सहायक ग्रंथ-सूची दी गई है।

